पेज थ्री देहरादून

देहरादून, बुधवार 22 जनवरी, 2020

पेज 8

हमारा दून

बैठक को संबोधित करते कामरेड समर भंडारी।



## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने समाप्त कराया मुस्लिम महिलाओं का धरना

**संवाददाता** देहरादून। मुस्लिम कॉलोनी में मुस्लिम महिलाओं ने सीएए के खिलाफ धरना दिया। भारी संख्या में मुस्लिम महिलाएं धरना देने के लिए पहुंची लेकिन पुलिस ने धरना समाप्त करा दिया। पुलिस का कहना था कि जिस पार्क में धरना दिया जा रहा है वह नगर निगम की संपत्ति है और सरकारी संपत्ति पर किसी प्रकार के धरने को अनुमति लेनी जरूरी है। लेकिन स्थानीय लोगों और पार्षद किताब खान का कहना था कि उनके पास नगर निगम से धरना देने की अनुमति थी और पुलिस एवं प्रशासन को उन्होंने सूचना दी थी इसके बाद भी भारी पुलिस फोर्स लाकर यहां जबरन धरना समाप्त करा दिया।

### क्रॉस कंट्री दौड़ 25 को

देहरादून **संवाददाता**। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष पर 25 जनवरी को परेड ग्राउंड में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं और 25 जनवरी की सुबह 7 बजे तक भी खेल परिसर में रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे। जिला खेल अधिकारी राजेश ममगाई ने बताया कि 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सुबह साढ़े 7 बजे से क्रॉस कंट्री दौड़ शुरू होगी। इसमें अंडर–12, अंडर–14, अंडर–18 बालक एवं बालिका, पुरुष व महिला ओपन, वेटरन 40प्लस व 50प्लस आयु वर्ग में दौड़ आयोजित होगी।

### नेहरुग्राम और चंद्रबनी की रोमांचक जीत

देहरादून **संवाददाता**। जिला फुटबाल लीग में मंगलवार को नेहरुग्राम एफसी और चंद्रबनी एफसी ने जीत दर्ज की। पवेलियन मैदान में पहला मैच नेहरुग्राम एफसी और दून चौलेंजर के बीच खेला गया। मैच के 33वें मिनट में शुभम के गोल से नेहरुग्राम ने 1–0 की बढ़त हासिल की। मैच के अंतर तक दून चौलेंजर गोल नहीं कर सकी और नेहरुग्राम को जीत हासिल हुई। दूसरा मैच चंद्रबनी और एफसी दून के बीच खेला गया। मैच के 25वें मिनट में शिव ने गोल कर चंद्रबनी को बढ़त दिलायी।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के समर्थन में यूकेडी ने किया विधायक आवास का घेराव

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड क्रांतिदल द्वारा आज आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मांगों के समर्थन में विधायक आवास का घेराव कर विधायकों के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन अपनी मानदेय की मांगों को लेकर विगत डेढ़ माह से खुले आसमान के नीचे परेड ग्राउंड में आंदोलन करता आ रहा है जो अब अनशन में तब्दील हो चुका है।

# व्यावसायिक एवं आवासीय भवन के करों में की गई वृद्धि का विरोध

**विरोध**

- नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

ऋषिकेश। **संवाददाता**

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमण्डल ने नगर निगम आयुक्त देहरादून से मुलाकात कर उन्हें व्यावसायिक एवं आवासीय भवन के करों में की गई वृद्धि के खिलाफ ज्ञापन प्रेषित किया। नगर आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत व्यावसायिक एवं आवासीय भवनकर में भारी बढोत्तरी प्रस्तावित की गई है जो कि जनहित में न्यायोचित नहीं है। विभाग द्वारा आवासीय एवं व्यावसायिक भवन कर में की गई वृद्धि में कई प्रकार की त्रुटियां पाई गई है जिसमें नगर निगम द्वारा व्यावसायिक भवनों में पार्किंग स्थलों पर टैक्स लगाया गया है जो कि न्याय संगत नहीं है। चूंकि महानगर में पार्किंग की अत्यधिक कमी होने के कारण मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा भी इसमें छूट दी गई है तथा पार्किंग एरिया को कवर्ड एरिया नहीं माना गया है। फिर इस पर किस प्रकार टैक्स लगाया गया है? उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में आवासीय एवं व्यावसायिक भवनों के कर में अत्यधिक बढ़ोत्तरी की गई थी जिसमें घरेलू टैक्स का नोटिफिकेशन 2014 में ही हुआ था जबकि किन्हीं कारणवष व्यावसायिक भवनों के टैक्स का 2016 में नोटिफिकेशन हुआ था। इस प्रकार चार वर्श बाद फिर से टैक्स में भारी वृद्धि होना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है।



नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता।

## लोगों को रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा व देश का विकास चाहिए

देहरादून **संवाददाता**। एनपीआर, एनआरसी व सीएए को लेकर आज हिन्दी भवन में राज्य के विपक्षी दलों एंव जन संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वक्ताओं द्वारा कहा गया कि आज देश भर में लोग डरे हैं और बेचैनी के माहौल में जी रहे हैं। जबकि छात्रों व आम नागरिकों के आंदोलन का सरकार हिंसक दमन करवा रही है। सम्मेलन में शिक्षण संस्थानों पर भगवा ब्रिगेड द्वारा किये जा रहे हमले और पुलिस की अकर्मण्यता के प्रति भी गहरी चिन्ता व्यक्त की गयी। वक्ताओं ने कहा कि आम लोग इंटरनेट पर नागरिकता नियमावली पढ़ सकते हैं।

# आम व्यक्ति पर केंद्रित हों योजनाएंः मुख्यमंत्री

**आईएएस वीक**

- लक्ष्य निर्धारित कर किया जाए काम, शहरों में स्वच्छता सबसे महत्वपूर्ण
- हरेला पर पूरे प्रदेश में एक दिन में किया जाएगा वृक्षारोपण
- सीएम ने आईएएस वीक पर डीएम सम्मेलन को सम्बोधित किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि प्रशासन में किए जा रहे प्रयोग आम व्यक्ति पर केंद्रित होना चाहिए। हर काम का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। टीम भावना से काम किया जाए। हरेला पर एक दिन में पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण किया जाएगा। शहरों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, आईएएस वीक पर वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सभागार, विश्वकर्मा भवन, सचिवालय में आयोजित डीएम सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने थी टी– ट्रेड, टेक्नोलोजी और टूरिज्म पर विशेष बल दिया है। इन तीन सेक्टर पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें जनता की सेवा का मौका मिला है। इसलिए हमारी जिम्मेवारी भी अधिक है। गरीबों की सेवा से स्वयं को अच्छा महसूस होता है।

सरकार की योजनाओं का लाभ दूर दराज के व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

जिलों में अधिकारियों द्वारा शुरू किए गए नवाचारों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर काम किया जाए। फील्ड में टीम भावना के साथ काम हो। जिलाधिकारी अपने सहयोगियों को प्रोत्साहित करें। टीम उत्साहित होती है तो काम सरल हो जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरीकरण को देखते हुए साफ–सफाई व स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। स्वच्छता को रूटीन में लाया जाए। इसके लिए जागरूकता अभियान निरंतर संचालित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलाधिकारी जिले के गणमान्य लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ लगातार संवाद करें। उनसे फीडबैक और सुझाव प्राप्त करें। कुपोषित बच्चों को गोद लिया गया था। उनकी दशा में कितना सुधार हो रहा है, इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष हरेला त्यौहार पर प्रदेश वृक्षारोपण का वृहद अभियान संचालित किया जाएगा। हरेला पर एक ही दिन में पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 नवम्बर 2020 तक पूर्ण साक्षरता का लक्ष्य निर्धारित कर मिशन मोड में काम किया जाए।

मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को आईएएस वीक का ब्योरा देते हुए बताया कि इस वर्ष का आईएएस वीक कई मायनों में विशेष रहा है।



आईएएस वीक पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते सीएम।

## मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में सीएम के ओएसडी ने सुनीं जनसमस्याएं



जनसमस्याएं सुनते सीएम के ओएसडी धीरेंद्र सिंह पंवार।

देहरादून **संवाददाता**। लच्छीवाला मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी धीरेंद्र सिंह पंवार ने जनसमस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी दिनेश सजवान ने डोईवाला विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण हेतु श्री पंवार के सामने विस्तार से रखा और समस्याओं पर चर्चा की। पूर्व मंडल महामंत्री संजीव लोधी ने भी शिमलास ग्रांड एवं झरोद की समस्याओं को निराकरण के लिए श्री पंवार से चर्चा की। प्रमुख रूप से उनके सामने समस्याओं को रखा। ललित ने दूधली की समस्याओं को ओएसडी पंवार के सामने रखा।

मुख्यमंत्री ओएसडी पंवार ने समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और कहा है कि अति शीघ्र समस्याओं का पूर्ण रूप से समाधान हो जाएगा। आज मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में काफी संख्या में कार्यकर्ता और जनता मौजूद रहे और और सभी ने बारी बारी अपनी समस्याओं को रखा। कैंप कार्यालय में उपस्थित भाजपा नेता मनदीप बजाज, भाई किशन नेगी, पूर्व प्रधान मारखम ग्रांट परमेंद्र सिंह, रोहित गुप्ता, मंडल मंत्री सुंदर लोधी, अनीता गुरुग, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम कुमार आदि उपस्थित रहे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।